21 / 02 / 83 की अव्यक्त वाणी

पर आधारित योग अनुभूति

शांति की शक्ति की अनुभूति

➢➢ मैं शांति की शक्ति का प्रयोग करने वाली शुभ संकल्प धारी श्रेष्ठ आत्मा हूँ।

➳ _ ➳ विश्व परिवर्तन, विश्व कल्याण के निमित्त...

→ शांति की शक्ति की अवतार हूँ।

◆ साइलेन्स शक्ति द्वारा श्रेष्ठ संकल्पों की प्राप्ति कर रही हूँ।

● साइलेन्स शक्ति की प्राप्ति की महीनता का अनुभव करते हुए

● विश्व की सर्व आत्माओं के समक्ष शांति की शक्ति का प्रैक्टिकल प्रूफ बनती जा रही हूँ।

➳ _ ➳ साइलेन्स की शक्ति का प्रयोग करते हुए मैं स्वयं को विजयी रूप में देख रही हूँ।

→ मैं आत्मा साइलेंस की शक्ति द्वारा ही...

◆ स्व परिवर्तन

◆ वायुमण्डल परिवर्तन

◆ वृति परिवर्तन

◆ संस्कार परिवर्तन कर रही हूँ।

➢➢ वर्तमान समय सर्व आत्माओ के समक्ष शांति दाता, शांति की अवतार का प्रैक्टिकल प्रूफ बनती जा रही हूँ।

➳ _ ➳ मैं आत्मा साइलेंस की शक्ति का प्रयोग

→ तन के ऊपर

→ मन के ऊपर

→ कर्म के ऊपर

→ सम्बन्ध सम्पर्क में करते हुए

◆ विश्व की आत्माओं के समक्ष साइलेंस की शक्ति का प्रैक्टिकल प्रूफ / प्रत्यक्ष प्रमाण प्रस्तुत कर रही हूँ ।

● स्वयं में भी प्रत्यक्ष प्रूफ के रूप में सदा विशेष से विशेष अनुभव कर रही हूँ।

➳ _ ➳ साइलेन्स की शक्ति के महत्व को समझते हुए उसे विधि पूर्वक अपने जीवन मे उतार रही हूँ।

→ साइलेन्स की शक्ति की प्राप्ति की महीनता अनुभव करते हुए

→ विशेष अटेंसन के साथ उन प्राप्तियों को स्व के प्रति और सर्व के प्रति भी कार्य मे लगाते हुए चल रही हूँ।

◆ विश्व की आत्माओ व सम्बन्ध सम्पर्क में आने वाली आत्माओ को महसूस हो रहा है...

● कि शांति की किरणें इन विशेष आत्मा द्वारा मिल रही है।

➢➢ मैं स्वयं को चलता फिरता "शांति यज्ञ कुंड" के रूप अनुभव कर रही हूँ।

➳ _ ➳ जैसे फायर फ्लाई दूर से ही अपनी रौशनी का अनुभव कराता है...

→ वैसे ही बुद्धि द्वारा सभी को अनुभव करा रही हूँ

→ कि यह शांति का अवतार शांति देने आ गया है

◆ चारो ओर की अशांत आत्मायें

◆ मुझ शांति की अवतार की तरफ खींची आ रही है।

➳ _ ➳ शांति की शक्ति वायरलेस से भी तेज मेरी संकल्प सभी आत्माओं तक पहुँच रही है।

→ मैं साइलेन्स की शक्ति का विशेष यंत्र "शुभ संकल्प " द्वारा सिद्धि स्वरूप बनती जा रही हूँ।

◆ शांति की शक्ति द्वारा कर्म बंधन का रूप, मीठे सम्बन्ध के रूप में बदलता जा रहा है।

➽ _ ➽ यह कर्मभोग-कर्म का कड़ा बंधन साइलेन्स की शक्ति से पानी की लकीर मिसल अनुभव हो रहा है।

➽ _ ➽ साक्षी द्रष्टा हो हिसाब किताब का दृश्य भी देख रही हूँ।

→ अति न्यारा और बाप का प्यारा होने के कारण डबल शक्ति का अनुभव हो रहा है।

→ कर्मभोग सूली से काँटे के समान अनुभव हो रही है।

→ शांति की शक्ति का प्रत्यक्ष रूप में विश्व के सामने प्रभाव पड़ रहा है।

→ शांति की शक्ति का पुंज प्रत्यक्ष रूप में प्रख्यात हो रहा है।

◆ निमंत्रण आ रहे है शक्ति, शांति के अवतार इस अशांति के स्थान पर आकर शांति दो।

◆ धीरे धीरे प्रसिद्ध होता जा रहा है कि ब्रह्मकुमारीयां ही शांति दे सकती है।

◆ शांति की शक्ति का केंद्र प्रत्यक्ष हो रहा है।

● विश्व के कोने कोने में बाप की प्रत्यक्षता का झंडा लहरा रहा है।